**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक : 30 अप्रैल , 2025 :-**

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (FJCCI) का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की। शिष्टमंडल ने भेंट के क्रम में हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। शिष्टमंडल ने इसे मानवता के विरुद्ध एक जघन्य अपराध बताते हुए कहा कि यह न केवल कश्मीर में शांति एवं पर्यटन को बाधित करने का कुत्सित प्रयास है, बल्कि वहां के स्थानीय लोगों की आजीविका पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि अनुच्छेद 370 के हटने के बाद से जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की संख्या में ऐतिहासिक वृद्धि हुई थी। इस हमले से कश्मीर के पर्यटन विकास के साथ-साथ इस सेक्टर से जुडे लोगों की आजीविका भी प्रभावित हुई है। शिष्टमंडल ने इस सुनियोजित आतंकी घटना में शामिल दोषियों एवं उनके सहयोगियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की बात कही।

शिष्टमंडल ने राज्य की गिरती विधि-व्यवस्था की ओर भी राज्यपाल महोदय का ध्यान आकृष्ट कराया।

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज स्वतंत्रता सेनानी परिवारगण का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की तथा विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन समर्पित किया। शिष्टमण्डल ने कहा कि वे लोग स्वतंत्रता संग्राम के शहीद के परिवार से आते है और उनके पूर्वज देश की स्वतंत्रता की लड़ाई में सन् 1857 ई. भारतीय प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में झारखण्ड से मुख्य भूमिका निभाई थी। वे लोग कई समस्याओं से जुझ रहे हैं। ज्ञापन में स्वतंत्रता सेनानी आयोग का गठन करने, स्वतंत्रता संग्राम के परिवारों को निःशुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य सरकार की ओर से उपलब्ध कराने, स्वतंत्रता संग्राम के परिवारों को जीवनयापन के लिए सम्मानजनक पेंशन देने आदि विभिन्न मांगों का उल्लेख किया गया।

---

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज झारखण्ड राज्य ग्राम प्रधान संघ का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की तथा राज्य में पेशा ACT लागू कर ग्राम सभा/ ग्राम प्रधानों को शशक्त करने के सम्बध में ज्ञापन समर्पित किया। ज्ञापन के माध्यम से ग्राम प्रधानों को दी जाने वाली सम्मान राशि में वृद्धि कर नियमित रूप से इसे प्रदान करने का आग्रह किया गया।

---

(4) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज ग्राम सभा (खुखरा परगणा परंपरागत पाहड़ा), दक्षिणी छोटानागपुर मांडर, राँची का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की तथा 13 अप्रैल 2025 से झारखण्ड राज्य के भीतर अनुसूचित क्षेत्रों (राज्य) में पाँचवीं अनुसूची प्रशासन और नियंत्रण करने हेतु ज्ञापन समर्पित किया।

---

(5) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के ग्रामीण एवं विकास विभाग के विद्यार्थी अब्दुल जमाल गद्दी ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल महोदय को विश्वविद्यालय में 'ग्रासरूट इनोवेशन इंटर्नशिप स्कीम' आरंभ करने हेतु पहल करने का आग्रह किया।

---